Manisha Yadav..

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

**First Term Examination -2019**

**Sub: Hindi language** | **Class: V** | **F.M.: 90**
**Duration: 2 Hours 30mins** | **Date : 24.4.19**

**MODEL ANSWER**

GROUP-A

1. दिए गये शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें : 1x5=5

आँख(नैन , नयन , लोचन , चक्षु ) ,आग( अग्नि , अनल पावक , ज्वाला ), घर( भवन , गृह ,आलय , सदन ) , जंगल( विपिन , कानन , अरण्य , वन ) ,अतिथि ( मेहमान , पाहून , आगंतुक , अभ्यागत )

2. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :½ x10=5

जो लकड़ी का काम करे( बढ़ई) ; जहां इलाज के लिए जाते हैं( अस्पताल ); जो अन्न उगाता है( किसान ) ;जो चित्र बनता है( चित्रकार ) ;जो अपने देश का हो ( स्वदेशी ); जो प्रतिदिन होता हो( दैनिक) ; जो सुन नहीं सकता( बधिर) ;जो अभिनय करे( अभिनेता ) ; जो मूर्ती बनाता है( मूर्तिकार ) ; जो सेना में काम करे ( सैनिक)

3. दिए गये मुहावरों के अर्थ लिखकर उनसे वाक्य बनाएं : 1x4=4

अंधे की लकड़ी( एक मात्र सहारा ) ; अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना(जान- बूझकर संकट में पड़ना ) ; अक्ल घांस चरने जाना( अक्ल से काम न लेना ) ;आँख दिखाना (क्रोध करना )

4. दिए गये शब्दों के विलोम शब्द लिखें : 1/2x8=4

अंत(आदि) ; असली(नकली); अँधेरा(उजाला ) ; उत्तर(प्रश्न) ; आलस(चुस्ती ) ;आदान(प्रदान ) ;आकाश(पाताल ), आशा( निराशा )

5. समरूपी भिन्नार्थक शब्द : 1x5=5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| a) अन्दर-भीतर | b) अचल-पहाड़ | c) अचार-आम का अचार | d) अनु -बाद में | e) आकर -खान |
| अंतर -भेद | अचला-पृथ्वी | आचार -आचरण | अणु- कण | आकार- रूप |

6. स्त्रीलिंग एंव पुल्लिंग शब्दों का इस्तमाल करते हुए २ वाक्य बनाये ?

चूहा और चुहिया ने बिल्ली से खूब लड़ाई की ।

श्लोक के माता -पिता आए हैं ।

2

**GROUP-B**

7. दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2x5=10

क) किसी भी भाषा का व्याकरण जानना क्यों ज़रूरी है ?

किसी भी भाषा का व्याकरण जानना ज़रूरी है क्योंकि व्याकरण हमें भाषा का शुद्ध रूप में लिखना , बोलना और पढना सिखाती है ।

ख) भाववाचक संज्ञा के दो उदाहरण लिखें ?

मनुष्यता , ठंडक , कठोरता

ग) भारत में बोली जानेवाली कोई दो भाषा के नाम बताये ?

ओरिया , मद्रासी

घ) दो ऐसे शब्द बताये जिनके प्रयोग से हि उनके लिंग का पता चलता है ?उदाहरण देकर लिखें

मंत्री ; डॉक्टर

ड) ऐसे दो शब्द बताये जिनका प्रयोग हमेशा बहुवचन में ही होता है ?

आंसू , हस्ताक्षर , प्राण , दर्शन

8. दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : ( किन्हीं 5 के उत्तर लिखें) 3x5=15

क) भाषा किसे कहते हैं ?भाषा के कितने रूप होते हैं ?

भाषा वह माध्यम है जिससे हम अपने विचार एक- दुसरे तक पहुंचाते हैं। भाषा के 2 रूप होते हैं - लिखित और मौखिक ।

ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा लिखते हुए उदाहरण दें ?

जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति , स्थान अथवा वास्तु की जानकारी दे , वे व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं। जैसे - ताजमहल , यमुना ,दिल्ली ।

ग) आदर देने के लिए एकवचन का इस्तमाल होता है या बहुवचन ? उदाहरण सहित वाक्य बनाए ?

आदर देने के लिए बहू वचन का इस्तेमाल होता है ,जैसे दादा जी आ रहे हैं। दादी जी सो रही हैं।

घ) वचन की परिभाषा लिखते हुए उदाहरण सहित उसके भेदों के नाम बताये ?

एक और एक से अधिक का ज्ञान ही वचन कहलाता है। वचन के दो भेद होते हैं एक वचन ( तितली) और बहुवचन ( तितलियाँ )।

ड) हिंदी को वैज्ञानिक भाषा क्यों कहा जाता है ? दिए गये शब्दों के शुद्ध रूप लिखें : रितु; परिक्षा ?

हिंदी को वज्ञानिक भाषा कहा जाता है क्योंकि हिंदी में हम जैसे बोलते हैं वैसा ही लिखते हैं। ऋतु; परीक्षा

च) तीन मुहावरों के इस्तमाल से एक वाक्य बनाये ?

रोहन के माता -पिता ने उसे अपनी आखों पर बिठाया पर किन्तु उसने परीक्षा के लिए पढ़ाई न कर के अपने ही पैरों पर कुल्हारी मारी और ख़राब अंक आने के कारण उसके माता पिता ने उसे आँख दिखाई ।

छ) अपनापन और अच्छी ----कौन से संज्ञा हैं उनसे वाक्य बनाये ?

भाववाचक संज्ञा -----वाक्य बनाये

## GROUP-C

9. किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 10

क) मेरे माता -पिता का ऐसा सपना जो मैं पूरा करना चाहता हूँ ..........

ख) कक्षा 5 में मेरी सबसे मज़ेदार यादें .......

विषय के अनुरूप उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करते हुए भूमिका में विषय से सम्बंधित जानकारी देते हुए उपसंहार में निबंध के विषय को समेट अपने मौलिक सुझाव संक्षिप्त रूप में दे

10. मधु कलश : 5x2=10


क) दादाजी ने राजू को क्या दिया ? उन्होंने उसका क्या किया ? राजू ने अपने जन्मदिन पर माँ से क्या माँगा ?

दादाजी ने राजू को एक गुलाब का पौधा दिया। उन्होंने उसे एक गमले में लगाया। राजू की माँ राजू का दादाजी के पास बैठना जादा पसंद नहीं करती थी। जन्मदिन पर राजू ने माँ से इजाज़त मांगी की वे उसे दादाजी के साथ रोजाना खेलने और समय बिताने की अनुमति दे दें।

ख) मामाजी ने विदिशा और सौरभ को वायुमंडल के प्रदूषित होने का क्या कारण बताया ? उन्होंने वायुमंडल की रक्षा के लिए क्या सुझाव दिए ?

मामाजी ने विदिशा और सौरभ को वायुमंडल के प्रदूषित होने के प्रदूषित होने के कई कारण बताये .....विस्तार से लिखते हुए उनके दिए गये सुझावों पर भी प्रकाश डाले .....

<u>11. चित्र कथा :</u> दिए गये चित्रों को ध्यान से देखे और एक अच्छी सी कहानी लिखें । कहानी का नाम लिखें और आपको क्या शिक्षा मिली लिखें ... 10




दिए गये चित्रों के आधार पर अपनी कल्पना से एक छोटी सी कहानी लिखें .....

<u>12. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढे और दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें 2x5=10</u>

एक शहर में एक गरीब मोची और अमीर सेठ आमने-सामने रहते थें । मोची की टूटी-फूटी झोपडी थी और सेठ का भव्य महल था । मोची जूते और चप्पलें सिलकर अपना गुज़ारा करता था । उसे रोज़ गुज़ारे लायक पैसा मिल जाता था । वह चैन की बाँसुरी बजाता जीवन जी रहा था । सेठ के पास इतने पैसे थे कि वह चाह कर भी अपने पूरे पैसे खर्च नहीं कर पाता था । उसे तरह - तरह की चिंताएं सताती रहती थी । घर में धन-संपत्ति जमा रहने के कारण उसे रात भर उसकी सुरक्षा की चिंता के मारे नींद नहीं आती थी । सेठ मोची को देख कर ईर्ष्या करने लगा ।

एक दिन एक उपाय सूझा ।उसने मोची को बुलाया और उसे ढेर सारा पैसा देते हुए बोला," मैं ये पैसा तुम्हे दान कर रहा हूँ । इसे लौटने की ज़रूरत नहीं है ।"

मोची धन पाकर बहुत खुश हुआ । उसने वह धन अपनी झोपड़ी में रख लिया । रात हुई तो उसे भी धन की चिंता से नींद नहीं आई । धन की चिंता में उसकी हालत ख़राब हो गई । सुबह उठते हि वह सारा धन लेकर सेठ के पास पहुंचा और बोला -" सेठ जी ,तुमने इस धन से ज्यादा मुझे चिंता दे दी है । ऐसा धन जिससे चिंता बढे ,मेरे किस काम का । इसे आप अपने खजाने में हि रखे तो जादा बेहतर होगा ।

क)' ईर्ष्या ' शब्द का अर्थ लिखकर उससे वाक्य बनाये ।

किसी से जलना - वाक्य बनाये

ख) सेठ ने अपनी धन- संपत्ति मोची को क्यों दे दी ?

सेठ ने अपनी धन - संपत्ति मोची को दे दी क्योंकि उसके पास इतना धन था कि उसकी सुरक्षा की चिंता में वह रात को चैन की नींद नहीं सो पाता था ।वह मोची की सुकून भरी ज़िन्दगी देख कर ईर्ष्या करने लगा ।

ग) मोची को किस बात की चिंता हुई और क्यों ?

मोची को सेठ द्वारा दिए गये धन की चिंता होने लगी क्योंकि इतना सारा धन तथा उसकी सुरक्षा के विषय में सोच कर उसकी रातों की नींद उड़ गयी थी ।

घ) अगर आप मोची की जगह होते तो इतना धन पाकर क्या -क्या करना चाहते ?

अपने विचार लिखें .....

ङ) ऊपर दिए गये गद्यांश के लिए एक शीर्षक लिखें तथा बताये इससे आपने क्या सीखा ?

शीर्षक और अपने विचार लिखें ......